साइंस एंड टेक्नोलाजी महोत्सव में जुटेंगे विद्यार्थी

- यूटीयू और यूसर्क मिलकर आयोजित करेंगे चार दिवसीय महोत्सव, 20 नवंबर से होगी शुरुआत
- राज्यपाल करेंगे उद्घाटन, अलग-अलग 25 इवेंट में से 10 आयोजन स्कूली छात्रों के लिए रखे गए

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि और यूसर्क मिलकर साइंस एंड टेक्नोलाजी महोत्सव-2024 का आयोजन करेंगे। चार दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन 20 नवंबर को बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) करेंगे। यूटीयू परिसर में होने वाले इस आयोजन में विज्ञान और तकनीकी में नवाचार को प्रमुखता दी जाएगी। सम्मेलन में मेडिकल, इंजीनियरिंग, फार्मेसी, कृषि, विधि संकाय के प्रदेशभर के 800 से अधिक छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। जिसमें आइआइटी रुड़की, आइआइएम काशीपुर, घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कालेज, दून विश्वविद्यालय, श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विवि, सरकारी और निजी कालेजों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह व यूसर्क की निदेशक प्रो. अनीता रावत ने यह जानकारी दी। परेड ग्राउंड स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब में सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि इस 5वें विज्ञान और प्रौद्योगिकी महोत्सव में अलग-अलग संकाय के विद्यर्थियों के सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विशेषज्ञ जानकारी देंगे। चार दिवसीय महोत्सव में अलग-अलग 25 इवेंट होंगे, जिनमें 10 आयोजन स्कूली छात्रों के लिए रखे गए हैं। महोत्सव में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आइआइटी, आइआइएम, राजकीय व निजी विवि, राजकीय महाविद्यालय, स्ववित्तपोषित कालेज, राजकीय विद्यालय के छात्र प्रत्येक दिन भाग लेंगे। 80 विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई जाएंगी। कुलपति ने बताया कि महोत्सव के दौरान वाइस चांसलर आफ द एयर, एक्सीलेंस इन रिसर्च, प्रिंसिपल आफ द एयर एवं टीचर आफ द ईयर अवार्ड भी दिए जाएंगे।

छात्रों और संस्थानों को महोत्सव में मिलेगा मंच : प्रो. अनीता

यूसर्क की निदेशक प्रो. अनीता रावत ने बताया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी महोत्सव में स्कूली छात्रों, शैक्षणिक संस्थाओं, शोध संस्थाओं व सरकारी विभाग को मंच दिया जा रहा है। महोत्सव में छात्र और विद्यालय अपनी गतिविधियों और उपलब्धियों को प्रदर्शित कर सकते हैं। मंच पारंपरिक ज्ञान के आदान-प्रदान का उत्कृष्ट मंच भी होगा। कहा कि सभी स्कूलों के विद्यार्थी और शिक्षकों को महोत्सव में प्रतिभाग करना चाहिए। छात्र-छात्राओं के लिए विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, जिसमें विजेता छात्र-छात्राओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्यअतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी विजेताओं को पुरस्कार देंगी।